# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.12.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

अमर उजाला–दि0 29.12.2025

## कंदवा के तीन तालाबों की बढ़ेगी जल धारण क्षमता

**वाराणसी।** कंदवा इलाके के तीन तालाबों का सुंदरीकरण वीडीए कराएगा। इनमें कर्दमेश्वर तालाब, कंदवा तालाब और कंचनपुर तालाब शामिल हैं, जो जल संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और शहरी सुंदरीकरण को प्रोत्साहित करेंगे। इन तालाबों की डिसिल्टिंग कराई जाएगी। तल से सफाई कराने के बाद जल निकासी तंत्र विकसित किया जाएगा। इससे तालाबों की जल धारण क्षमता बढ़ेगी।

वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य तालाबों की पारिस्थितिक क्षमता को बेहतर करना और जल गुणवत्ता में सुधार लाना है। ब्यूरो